आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :351 पृष्ठ -4 दिनांक 25 दिसम्बर 2024 दिन बुधवार

# यूपी के राजस्व न्यायालयों में 53 हजार मामले पेंडिग

## स्टांप वादों को निपटाने के लिए सरकार लाई समाधान योजना



लखनऊः योगी सरकार ने प्रदेश के राजस्व न्यायालयों में वर्षों से लंबित स्टाम्प वादों के निस्तारण के लिए समाधान योजना लागू कर दी है. यह योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी, जिसके तहत पक्षकार बिना अर्थ. दंड या जुर्माना दिए अपने मामलों का निपटारा कर सकते हैं.योजना का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाना है. साथ ही इससे राज्य सरकार को राजस्व की मूल राशि भी समय पर प्राप्त हो सकेगी. इस योजना के तहत पक्षकार केवल स्टाम्प की बकाया धनरा. शि जमा करेंगे, जिसके बाद अदालत मुकदमे का निस्तारण कर देगी. जुर्माना और देरी के कारण बढ़ने वाले ब्याज की बाध्यता से उन्हें राहत दी गई है.बता दें कि प्रदेश के अलग–अलग राजस्व न्यायालयों में कुल 53,631 मामले लंबित हैं. इनमें मंडलीय राजस्व न्यायालय में 4,553, जिलाधिकारी राजस्व न्यायालय में 8,169, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) न्यायालय में 17,643, सहायक आयुक्त स्टाम्प के न्यायालय में 22,731 और मा. सी.सी.आर.ए. प्रयागराज में 535 मामले दर्ज हैं.समाधान योजना से सरकार को जहां मूल स्टाम्प राशि प्राप्त होगी, वहीं पक्षकारों को मुकदमेबाजी की जटिलताओं और देरी के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी. यह कदम प्रदेश में न्यायिक व्यवस्था को सुचारु और पारदर्शी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा. सरकार की इस योजना से न केवल लंबित मामलों का निपटारा तेजी से होगा, बल्कि राजस्व वसूली की प्रक्रिया भी आसान और प्रभावी बनेगी.

## यूपी के मौसम का हाल, कई जिलों में बारिश . का अलर्ट, 48 घंटों में और गिरेगा पारा



उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड अपने चरम पर पहुंच गई है. पश्चिमी यूपी में सोमवार को हुई बारिश के बाद तापमान और गिर गया, जिसके चलते हैं अब हाड़ कंपाने वाली सर्दी शुरू हो गई. ज्यादातर इलाकों में दिनभर बादल छाए रहे तो पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से ठिठुरन और ज्याद बढ़ गई है. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है. आज (24 दिसंबर) भी कई जिलों में बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने मंगलवार को भी कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है. इस बीच सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया है. ऐसे में यातायात में परेशानी आ सकती है. यूपी में बारिश का सिलसिला क्रिसमस के बाद भी जारी रहने वाला है. 27 और 28 दिसंबर को कहीं–कहीं गरज चमक के साथ बारिश होगी. वहीं मेघ गर्जन और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में बारिश और कोहरे का अलटयूपी में आज ललितपुर, झांसी, महोबा, हमीरपुर, जालौन, इटावा, औरैया, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, हरदोई, उन्नाव, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, रायबरेली, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, सीतापुर, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रीवस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती और महाराजगंज में कहीं–कही पर बारिश होने की संभावना है.वहीं नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, बुलंदशहर, रामपुर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, बरेली, बदायूं, शाहज. हांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोरखपुर, कुशीनगर, बलिया और महाराजगंज में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है.आने वाले दिनों में सर्दी और बढ़ेगी व तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी. मौसम विभाग के मुताबिक अगले 48 घंटों में 2–3 डिग्री सेल्सियस तक पारा गिर सकता है. सोमवार को अयोध्या में सबसे अधिक ठंडा दिन रहा. यहां न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस तक चला गया है. वहीं मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, नजीबाबाद, शाहजहांपुर, बहराइच, सुल्तानपुर समेत कई जगहों पर न्यूनतम तापमान 6 से 7. 5 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है.

## यूपी की सियासत में भूचाल लाया ये साल, अखिलेश, राहुल और सीएम योगी को मिला ये संदेश



उत्तर प्रदेश की राजनीति में साल 2024 बड़े उलटफेर देखने को मिले हैं., लो. कसभा चुनाव हो या फिर उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम, दोनों ही चुनावों ने प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी है. अमेठी, रायबरेली लोकसभा सीट पर आम चुनाव और कुंदरकी उपचुनाव के चुनावी नतीजों ने न सिर्फ प्रदेश की रा. जनीति पर अमिट छाप छोड़ी है, बल्कि केंद्र की राजनीति को भी खास संदेश गया है.सबसे पहले बात करेंगे उत्तर प्रदेश अमेठी लोकसभा सीट की. अमेठी सीट कांग्रेस पार्टी की गढ़ मानी जाती रही है, लेकिन साल 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी की स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के राहुल गांधी को इस चुनाव में हराकर जीत दर्ज की थी. हालांकि साल 2024 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी परंपरागत सीट को बचाने में कामयाब रही. यहां कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने चुनाव में जीत दर्ज की. किशोरी लाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को 1,67,256 वोटों के अंतर चुनाव हराकर अमेठी सीट पर वापसी की.राहुल गांधी ने बचाया कांग्रेस का किला अमेठी के बाद रायबरेली सीट पर कांग्रेस पार्टी का कब्जा रहा है, सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद इस सीट पर राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाकर उतारा. साल 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट पर हार का सामना करने के बाद कांग्रेस पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर चुनाव मैदान में उतारा. कांग्रेस के लिहाज रायबरेली सबसे सुरक्षित मानी जाती रही है. आम चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने जीत दर्ज करने के लिए खूब पसीना बहाया. इसका फायदा भी कांग्रेस पार्टी को मिला. यहां से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के दिनेश प्रताप सिंह चुनाव में करारी शिकस्त दी. राहुल गांधी ने 6 लाख से अधिक वोटों से रायबरेली में जीत दर्ज की.सपा को लगा झटका, सीएम योगी की बढ़ी साख इधर, उत्तर प्रदेश की कुंदरकी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के परिणामों ने धर्म की रा. जनीति करने वालों के लिए बड़ा संदेश गया. 64 फीसदी मुस्लिम बाहुल्य सीट कुंदरकी में 12 में से 11 प्रत्याशी मुस्लिम थे, यहां भारतीय पार्टी ने रामवीर सिंह पर भरोसा जताते हुए चुनाव मैदान में उतारा था. 23 नवंबर को आए उपचुनाव के नतीजों में एनडीए ने नौ में से सात सीटों पर जीत दर्ज की. खास बात यह रही कि, मुस्लिम बाहुल्य सीट होने के बाद भी बीजेपी ने यहां बड़े मार्जिन से जीत दर्ज की. यहां से सपा ने मोहम्मद रिजवान को अपने प्रत्याशी के रूप में उतारा था. मोहम्मद रिजवान दूसरे नंबर पर रहे तो वहीं आसपा प्रत्याशी चांद बाबू तीसरे नंबर पर रहे. कुल मिलाकर ये साल यूपी की सियासत में भूचाल जैसा रहा. लोकसभा में जहां बीजेपी और उसके सहयोगियों को झटका लगा तो वहीं उपचुनाव में बीजेपी की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया कि साल 2027 की राह इतनी आसान नहीं है.

## संभल के बाद मेरठ में एक्शन, पकड़े गए .कटियाबाज, 832.14 करोड़ की वसूली



मेरठः पश्चिम यूपी में बिजली चोरी को CM योगी के आदेश के बाद बड़ा अभियान चलाया जा रहा है. बिजली विभाग के अनुसार करोड़ो रुपये की बिजली चोरी होती है, इस अभियान में विद्युत विभाग मेरठ, नोएडा, बुलन्दशहर, हापुड व गाजियाबाद क्षेत्रों की टीमें भी शामिल रहीं. इसके अतिरिक्त पीएसी की नौ टीमे भी शामिल रही. सहारनपुर में 42 मामलों में बिजली चोरी पकड़ी गयी है. उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर के 36 लाख रूपये का भी जुर्माना लगाया गया है. रामपुर में 36 मामलों में बिजली चोरी पकड़ी गयी है और 18 लाख का जुर्माना लगाया गया है. इस साल की बात की जाये तो अभी तक 34275 बिजली चोरी के मामले पकड़े गए हैं और सरकार द्वारा लगभग 832.14 लाख रुपये की वसूली की गई है.बिजली चोरों पर एक्शन जारी है. पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जिलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है. पीवीवीएनएल के 14 जिलों में ताबड़तोड़ रेड मारी गई है. मेरठ, सहारनपुर और रामपुर में तड़के छापेमारी की गई. बिजली चोरी रोकने के लिए स्पेशल टीम बनाई गई है. एमडी ईशा दुहन ने कहा, 'बिजली चोरी हर सूरत में पकड़ी जाएगी. विद्युत चोरी रोको विशेष अभियान में अब तक 41595 संयोजन चेक किये गये. 34275 प्रकरण विद्युत चोरी के पकडे गये. 28738 संयोजनों पर पुलिस में एफआईआर दर्ज करायी गयी. 'उन्होंने बताया कि 832.14 लाख की राजस्व वसूली की गई. उपभोक्ताओं से अपील विद्युत चोरी से संबंधित प्रकरण नजर में आते ही विभाग को सूचित करें. विद्युत चोरी की सूचना विद्युत हेल्प लाईन नंबर 1912 तथा टोल फ्री नंबर 1800–180–3002 पर दर्ज करायें. बीते दिनों संभल में भी हुई थी बिजली चोरी पर कार्रवाई.

## यूपी विधानसभा से 500 मीटर की दूरी पर लखनऊ . में भी एक बंद मंदिर! 30 साल से नहीं खुला

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विधानसभा मार्ग स्थित विधानसभा से मात्र 500 मीटर की दूरी पर राणा प्रताप चौराहे के करीब एक बिल्डिंग के नीचे मंदिर होने का दावा किया गया है. दावे में कहा गया की 30 साल पहले मंदिर को ढककर यहां कंपलेक्स बनाया गया , जिसकी तमाम शिकायतों के बावजूद मौजूदा प्रशासन और सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई. इस सिलसिले में ब्राह्मण संसद और मीता दास गजराज सिंह मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने लखनऊ कमिश्नर रोशन जैकब से मुलाकात की. ए रोशन जैकब ने मामले को डीएम के पास भेजा.इस मामले में मंदिर पक्ष के द्वारा दावा किया गया है कि यह मंदिर 1885 का है जो की स्वर्गीय गजराज सिंह ने अपनी कमाई से अपनी जमीन पर बनवाया था. और फिर 1906 में रजिस्टर्ड वसीयत कर उस जमीन पर एक ठाकुरद्वारा और शिवालय का निर्माण कराया. फिर 1918 में पूजा अर्चना के लिए एक ख्वाहिश नाम बनाया जिसमे स्वर्गीय द्वारका प्रसाद दीक्षित को पुजारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी और कहा गया कि उनकी पुश्त दर पुश्त यहां पर पूजा पाठ करती रहेगी. द्वारका प्रसाद के बाद लालता प्रसाद फिर उमाशंकर दीक्षित फिर रामकृष्ण दीक्षित और फिर यज्ञ मनी दीक्षित के पास यहां पूजा पाठ का अधिकार मिला पर रामकृष्ण दीक्षित जब यहां मंदिर का पूजा पाठ कर रहे थे तब 1993– 94 के बीच एक दल से जुड़े हुए नेता डॉक्टर शाहिद ने मंदिर पर कब्जा किया और सरकारी संरक्षण में बिना नक्शा पास कराए भूमि पर अवैध निर्माण करवाया . यहां शॉपिंग कंपलेक्स दुकान भी बनाई गई. मंदिर पक्ष का दावा है कि इस परिसर में एक राधा रानी का मंदिर एक शिवालय , एक बरगद का पेड़ और कुछ पुरानी दुकान थी जिससे मंदिर का खर्च चलता था पर उसे धीरे–धीरे हटा दिया गया.



मंदिर पक्ष से जुड़े हुए लोगों ने दावा किया है कि इस प्रकरण में उस दौरान नगर मजिस्ट्रेट लखनऊ से शिकायत की गई थी जिसका संज्ञान लेते हुए 14 जनवरी 1993 को उन्होंने सीओ कैसरबाग और चौक सीओ को पत्र लिखकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने के साथ मंदिर परिसर में स्थित बरगद का पेड़ जो कि लगभग ढाई सौ साल पुराना था उसको काटने से रोकने के साथ मंदिर परिसर में अवैध निर्माण रोकने का आदेश दिया था पर इस आदेश के बा. वजूद निर्माण कार्य नहीं रुका. इसके बाद पंडित रामकृष्ण दीक्षित ने एक समिति रजिस्टर कराई जिसका नाम मीता दास गजराज सिंह मंदिर एवं भक्ति भावना जनहित एवं कार्य समिति था जिससे वह जन जागरण कर मंदिर के अस्मिता को बचाने के लिए काम कर सकें.मंदिर पक्ष में दावा किया कि 14 अगस्त 1994 को थाना कैसरबाग में मंदिर समिति ने एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी जिसमें मंदिर में स्थित अष्टधातु की राधा कृष्ण की मूर्ति , सोने के आभूषण और कई सामान चोरी होने के साथ ही मंदिर प्रांगण में तोड़फोड़ किये जाने की बात कही गई थी पर इस प्रकरण में भी तत्कालीन थाने की पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई. मंदिर समिति से जुड़े हुए लोगों ने तत्कालीन जिलाधिकारी को शिकायत करते हुए मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी पत्र भेजा था पर कोई सुनवाई नहीं हुई.इसके बाद मंदिर की जगह एक बड़ा काम्प्लेक्स बना दिया गया जिसको रोकने के लिए रामकृष्ण दीक्षित ने संघर्ष किया हालांकि उनकी सुनवाई नहीं हुई और लंबी बीमारी के बाद 2020 में उनकी मृत्यु हो गई . इस प्रकरण में अब उनके बेटे यज्ञ मनी दीक्षित इस मामले की लड़ाई लड़ रहे हैं. इसी सिलसिले में यज्ञ मनी दीक्षित और ब्राह्मण संसद के अध्यक्ष पंडित अमरनाथ मिश्रा ने लखनऊ मंडल की कमिश्नर रोशन जैकब से मुलाकात कर पूरे प्रकरण को बताया जिस मामले में उन्होंने इसको जिलाधिकारी को भेजा है.इस मामले में पंडित अमरनाथ मिश्रा ने एबीपी न्यूज से बातचीत करते हुए कहा कि वह इस पूरे प्रकरण में संबंधित लोगों को अवगत कराएंगे . साथ ही सभी से अपील करेंगे कि उनको बाबा भोलेनाथ की पूजा पाठ करने का अधिकार दिया जाए. उन्होंने कहा कि खरवास तक वह प्रशासन को समय दे रहे हैं ,नहीं तो उसके बाद वह लोग खुद जाकर पूजा पाठ करेंगे.

# कनाडा में ट्रूडो की सियासी नैया डूबना तय? खुद की पार्टी ही बनी दुश्मन, देना पड़ेगा इस्तीफा!



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो विदेशी मोर्चे पर संकटों से जुड़ते जुड़ते अब अपने देश में ही घिर गए हैं. प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी ही पार्टी के भीतर समर्थन को खो दिया है. ओटावा से सांसद चंद्र आर्य ने मीडिया को बताया कि ट्रूडो के खिलाफ उनकी ही पार्टी से बगावत की चिंगारी उठी है. ये हालात तब हुए हैं जब अमेरिका की ओर से कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात सामने आई. इस मुद्दे पर ही बीते दिनों ट्रूडो की सरकार में डिप्टी पीएम क्राइसटिया ने करीब एक दशक बाद उनका साथ छोड़ दिया. सीबीसी और टोरंटो स्टार सहित कई आउटलेट्स ने बताया कि संसद में 75 आ. ॅटारियो लिबरल पार्टी के सांसदों में से 50 से अधिक ने ऐलान किया है कि वह अब ट्रूडो का समर्थन नहीं करते हैं. वहीं ग्लोब और मेल के मुताबिक, अभी तक 153 में से 19 सदस्यों ने उन्हें पद छोड़ने की सार्वजनिक रूप से अपील की है.जगमीत सिंह ने कैसे बढ़ा दी ट्रूडो की मुश्किलें? जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वाली सरकार अल्पमत में है लेकिन उसे जगमीत सिंह की पार्टी एनडीपी का समर्थन मिला हैं. लेकिन ट्रूडो की मुश्किलें तब और बढ़ गई जब जगमीत सिंह ने सार्वजनिक तौर से कह दिया कि नए साल में वह लिबरल पार्टी से अपना समर्थन वापस ले लेंगे और ट्रूडो सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे.सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जगमीत सिंह ने कहा, ष्जस्टिन ट्रूडो एक प्रधान मंत्री की सबसे अहम जिम्मेदारियों में विफल रहे हैं. ये जिम्मेदारियों हैं लोगों के लिए काम करना, न कि ताकतवर दिखने की कवायद करना. एनडीपी इस सरकार को गिराने के लिए मतदान करेगी और कनाडाई लोगों को एक ऐसी सरकार को वोट देने का अवसर देगी जो उनके लिए काम करेगी.

## महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं से अवैध वसूली मामले में एक्शन

मध्य प्रदेश के उज्जैन में प्रसिद्ध ज्यो. तिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ अवैध रूप से वसूली के मामले में अब प्रशासक पर भी गाज गिर सकती है. उज्जैन के कलेक्टर और महाक. ालेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने प्रशासक के खिलाफ भी सरकार को प्रतिवेदन भेज दिया है. अब सरकार की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है.उल्लेखनीय है कि महाक. ालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ अवैध वसूली करने के मामले में दो कर्मचारी राकेश श्रीवास्तव और विनोद चोकसे को महाकाल थाना पुलिस ने धोखाधड़ी, अमानत में खयानत सहित कई धाराओं में गिरफ्तार किया है. आरोपियों का पुलिस रिमांड चल रहा है. खाते में भी मिला है काफी बड़ा ट्रांजेक्शन सबसे बड़ी बात यह है कि इस पुलिस रिमांड के दौरान खुद पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा और कलेक्टर नीरज कुमार सिंह पूछताछ कर रहे हैं. दोनों



अधिकारियों ने महाकाल थाने में पूछताछ के बाद बताया कि ऐसे कई सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर श्रद्धालुओं को दर्शन, पूजा और अभिषेक आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर आरोपियों की ओर से मोटी रकम ली जाती थी. दोनों आरोपियों के खाते में भी काफी बड़ा ट्रांजैक्शन मिला है.कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक गणेश धाकड़ के खिलाफ भी सरकार को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है. उन्होंने कहा कि मंदिर में फैली अवस्था के लिए बड़े अधिकारी भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होते हैं. इसी बात से सरकार को अवगत कराया जा रहा है.आरोपियों की संपत्ति से होगी रिकवरीउज्जैन कले. क्टर ने बताया कि आरोपियों की संपत्ति से मंदिर समिति को हुई आर्थिक क्षति की भरपाई की जाएगी. इस संबंध में आरोपी राकेश और विनोद की अवैध संपत्ति का भी पता लगाया जा रहा है. बताया जाता है कि दोनों ने पिछले कुछ समय में अचल संपत्ति में करोड़ों रुपये का निवेश किया है.कौन है महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक?महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ मूल रूप से ट्रेजरी विभाग में अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं. उन्हें प्रतिनियुक्ति पर महाकालेश्वर मंदिर समिति का प्रशासक बनाया गया है. गणेश कुमार धाकड़ को पूर्व में भी एक बार प्रशासक बनने का मौका मिल चुका है. महाकालेश्वर मंदिर समिति के इतिहास में गणेश कुमार धाकड़ ऐसे अधिकारी है जो दूसरी बार मंदिर समिति के प्रशासक बने हैं, उन पर लापरवाही बरतने का आरोप हैं.

## गोवा जाने के लिए मुंबई से निकली वन्दे भारत ट्रेन, अचानक भटक गई रास्ता, 11 KM बाद पायलट को आई रूट की याद फिर

**मुंबई–गोवा वन्दे भारत ट्रेन सोमवार को अपने रूट से भटक गई. ट्रेन का पायलट करीब 11 किलोमीटर तक गलत रूट पर ट्रेन को चलाता रहा. इसके बाद उन्हें पता चला कि यह गोवा जाने का सही रूट नहीं है. घटना पर रेलवे की तरफ से अब सफाई भी दी गई है.**

वन्दे भारत ट्रेन को केंद्र सरकार ने बड़े जोर–शोर और प्रचार के साथ शुरू किया. यह सेमी हाई स्पीड ट्रेन उम्मीदों पर खरा भी उतरी. घंटों का सफर मिन. टों में करने वाली यह ट्रेन सोमवार को अपना रास्ता ही भटक गई. यह वाक्या मुंबई–गोवा रूट पर देखने को मिला. करीब 11 किलोमीटर तक ट्रेन गलत रूट पर जाती रही. भारतीय रेलवे को जब इस बात की भनक लगी, काफी देर हो चुकी थी. इसके बाद ट्रेन को वापस पिछले स्टेशन पर बुलाया गया और फिर सही ट्रैक पर भेजा गया. इस घटना के कारण ट्रेन करीब डेढ़ घंटे देरी से गोवा पहुंची. बताया जा रहा है कि सिग्नल फेल होने के कारण यह वाक्या हुआ. मुंबई–गोवा वंदे भारत ट्रेन को पनवेल स्टेशन पर वापस अपने रूट पर आने के लिए करीब 22 किलोमीटर का एक्स्ट्रा चक्कर लगाना पड़ा. दिवा स्टेशन तक आखिरी 11 किलोमीटर की दूरी में ट्रेन को रिवर्स में चलाया गया. रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीएसएमटी–मडगांव ट्रेन (22229) सुबह 5.25 बजे रवाना हुई और ठाणे स्टेशन को पार करके सिग्नल फेल होने के कारण सुबह 6.10 बजे दिवा जंक्शन पर रुकी. वंदे भारत के पीछे दो मेलध्एक्सप्रेस ट्रेनें और एक सब– अर्बन ट्रेन फंसी रहीं.इस वजह से नहीं बर्बाद हुआ बहुत ज्यादा वक्त? सेंट्रल रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, "यह ट्रेनें 35 मिनट तक इंतजार कर रही थी. वंदे भारत ट्रेन तीसरी लाइन से पांचवीं लाइन पर पटरी नहीं बदल पाई. ट्रेन को कल्याण के रास्ते चक्कर लगाने की इजाजत दी गई थी. कल्याण स्टेशन पर पहुंचने के बाद ट्रेन को रिवर्स में चलाया गया. खासबात यह है कि वंदे भारत ट्रेन को बिना इंजन बदले रिवर्स चलाया जा सकता है. अन्य ट्रेनों में ऐसा करने के लिए पहले इंजन को आगे से पीछे की तरफ आना पड़ता है. अधिकारी ने कहा कि बाद में वंदे भारत ट्रेन दिवा स्टेशन की ओर बढ़ी. सेंट्रल रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

## ट्रक ने मारी बाइक में टक्कर 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया ट्रक, वीडियो वायरल

आगरा –आगरा में हाइवे का एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर आपके रौंगटे खड़े हो जाएंगे और आपकी चीख निकल जाएगी. रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे वाटर वर्क्स चौराहे पर एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी और बाइक पर बैठे दो युवकों को तेज रफ्तार में घसीटते हुए काफी देर तक ले गया. करीब 100 से 200 मीटर तक ट्रक चालक दोनों युवकों को घसीटते हुए ले गया.यह दृश्य देखकर आसपास से अपने वाहन पर लेकर निकल रहे कुछ युवकों ने तेज रफ्तार से अपने वाहन को चलाया और ओवरटेक कर ट्रक को रोका. इसके बाद ट्रक चालक की बुरी तरह से धुनाई की गई और घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया.दिल्ली नंबर का यह ट्रक रामबाग से आ रहा था. सर्विस रोड पर ट्रक ने आगे जाते बाइक सवार दो युवकों को चपेट में ले लिया. टक्कर लगने के बाद युवक बोनट के अगले हिस्से को पकड़कर लटक बए और बाइक ट्रक में नीचे की तरफ फंस गई. बोनट पकड़ने की वजह से दोनों युवक ट्रक के पहिए के नीचे आने से बच गए. सूचना पर पुलिस पहुंच गई. बाइक सवार युवक नुनिहाई के रहने वाले जाकिर और रब्बी हैं. आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है.

## खुटेल पट्टी की शान जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी किशन सिंह

गोवर्धन |आपको बताते चलें कि आज माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री किशन चौधरी जी ने विकास खंड गोवर्धन के ग्राम पंचायत सोंख देहात के नगला आशा मे सीसी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जिसकी अनुमानित लागत 24 लाख रूपये है | नगला आशा की समस्त सरदारी ने माननीय अध्यक्ष जी का 151 फीट का स्वाफा बांधकर भव्य स्वागत सम्मान किया | और कहा कि 25 तक कभी भी विकास कर को इधर–उधर भटकना नहीं पड़ेगा जो भी विकास कर अधूरे रह गए हैं सभी को मैं पूरा कर दूंगा उन्होंने कहा कि मैं वोट मांगने नहीं विकस मांगने आया हूं जब मैं जिला पंचायत सदस्य चुनाव लड़ा था तो जब वोट मांगने आया था आज मैं कहां विकास कार्य मागन आया हूं विकास कर रहा हूं करता रहूंगा खुटेल पट्टी के जितने भी गांव हैं जो अछूते रह गए हैं सभी में विकास कार्य होंगे और मुझे बड़ी खुशी हुई जो आज मैं अपने परिवार में आया और उन्होंने इतना बड़ा स्वागत किया जितना कि मुझे विश्वास नहीं था सोंख देहात के नगला आशा से सम्मा. नित सरदारी और पत्रकार बंधुओ के होते हुए मुझे जितना सम्मान मिला जिसमें चौधरी हरवीर सिंह को समाज के द्वारा सम्मान मिला कहा कि गांव में विकास कार्य करते रहे और अगर कोई भी समस्या आए तो पत्रकार बंधु समाचार लगाकर हमको अवगत कराने और हम विकास कार्य पूरे करेंगे जो माताएं बहने कीचड़ में निकलती थी उनके लिए कोई भी परेशानी नहीं होगी सीसी खरंजा को लेकर जितने भी काम है मैं करा कर रहूंगा इस मौके पर चौधरी हरवीर सिंह पत्रकार ऐदल बाबा रेखा पत्रकार मोहन पत्रकार अरुण पत्रकार सौरभ पत्रकार देवेंद्र प्रधान वेदपाल प्रधान ओमप्रकाश हवलदार किशन सिंह नेताजी रामवीर सिंह मुकेश चौधरी अमित प्रधान बने सिंह राजवीर सिंह संपत सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे

## नग्न कर पीटा, पेशाब पिलाया.थूक चटवाया नाबालिग ने दी जान

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले से रूह कंपाने वाली खबर सामने आई है | बस्ती में 17 साल के एक दलित नाबालिग के साथ बर्बरता की हदें पार कर दी गई | उसे घर से बर्थ–डे पार्टी में बुलाया था | आरोपियों ने उसे वहां नग्न करके पीटा | पेशाब पिलाते हुए वीडियो बनाया | आरोपियों ने मारपीट कर आपत्तिजनक वीडियो बनाया | थूककर चटाने का भी आरोप है | पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की | इससे आहत पीड़ित किशोर ने खुदकुशी कर ली | पीड़ित परिवार लड़के के शव लेकर थाने पहुंचा, फिर पुलिस ने अनसुना कर दिया | गुस्साए परिजन एसपी ऑफिस ही शव लेकर पहुंच गए | मनबढ़ों ने निर्वस्त्र कर पीटा, वीडियो बनाया... क्षुब्ध किशोर ने की खुदकुशीजानकारी के अनुसार, बस्ती के कप्तानगंज में जन्मदिन पार्टी में बुलाकर अमानवीय हरकत करने से आहत एक किशोर ने सोमवार को फंदे से लटक कर जान दे दी | आरोप है कि पार्टी में मौजूद मनबढ़ों ने कपड़े उतरवाकर किशोर को पीटा और पेशाब पिलाया | इसका वीडियो भी बना लिया | किशोर ने जब उनसे वीडियो डिलीट करने को कहा तो आरोपियों ने थूककर उसे चटाया | न्च्रू नग्न कर पीटा, पेशाब पिलाया...थूक चटवाया और वीडियो बनाया, बस्ती में बर्बरता की कहानीय आहत नाबालिग ने दी जान बस्ती के कप्तानगंज में जन्मदिन पार्टी में बुलाकर अमानवीय हरकत करने से आहत एक किशोर ने सोमवार को फंदे से लटक कर जान दे दी | आरोप है कि पार्टी में मौजूद मनबढ़ों ने कपड़े उतरवाकर किशोर को पीटा और पेशाब पिलाया | इसका वीडियो भी बना लिया |उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले से रूह कंपाने वाली खबर सामने आई है | बस्ती में 17 साल के एक दलित नाबालिग के साथ बर्बरता की हदें पार कर दी गई | उसे घर से बर्थ–डे पार्टी में बुलाया था | आरोपियों ने उसे वहां नग्न करके पीटा | पेशाब पिलाते हुए वीडियो बनाया | आरोपियों ने मारपीट कर आपत्तिजनक वीडियो बनाया | थूककर चटाने का भी आरोप है | पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की | इससे आहत पीड़ित किशोर ने खुदकुशी कर ली | पीड़ित परिवार लड़के के शव लेकर थाने पहुंचा, फिर पुलिस ने अनसुना कर दिया | गुस्साए परिजन एसपी ऑफिस ही शव लेकर पहुंच गए |मनबढ़ों ने निर्वस्त्र कर पीटा, वीडियो बनाया... क्षुब्ध किशोर ने की खुदकुशी जानकारी के अनुसार, बस्ती के कप्तानगंज में जन्मदिन पार्टी में बुलाकर अमानवीय हरकत करने से आहत एक किशोर ने सोमवार को फंदे से लटक कर जान दे दी | आरोप है कि पार्टी में मौजूद मनबढ़ों ने कपड़े उतरवाकर किशोर को पीटा और पेशाब पिलाया | इसका वीडियो भी बना लिया | किशोर ने जब उनसे वीडियो डिलीट करने को कहा तो आरोपियों ने थूककर उसे चटाया | किशोर के मामा की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, हिंसा के जरिए अपमानित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धारा में चार आरोपियों पर केस दर्ज कर तीन को गिरफ्तार कर लिया है | संतकबीरनगर जिले के बेलहर कला इलाके का किशोर कप्तानगंज क्षेत्र में ननिहाल में रह कर पढ़ाई करता था | वह दसवीं का छात्र था | उसके मामा के अनुसार, 20 दिसंबर की रात जन्मदिन पार्टी के बहाने गांव के कुछ युवकों ने उसे बुलाया था | वहां मनबढ़ों ने कपड़े उत. रवाकर उसकी पिटाई की, पेशाब भी पिलाया और इसका वीडियो बना लिया | किसी तरह बचकर किशोर घर पहुंचा | इसके बाद परिजनों के साथ थाने जाकर शिकायत की | पुलिस ने अगले दिन दो आरोपियों को पकड़ा

## चंडीगढ़ नगर निगम में जमकर हंगामा, पार्षदों के बीच हाथापाई, अनिल मसीह का भी दिखा गुस्सा



चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक में मंगलवार (24 दिसंबर) को जमकर हंगामा हुआ और मामला इतना बढ़ा कि पार्षदों ने हाथापाई भी की. चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के विषय पर कांग्रेस और बीजेपी पार्षदों के बीच हाथापाई हुई.कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने अंबेडकर पर बयान को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर उनके इस्तीफे की मांग की. वहीं बीजेपी के पार्षदों ने कांग्रेस पर पंडित जवाहर लाल नेहरू के समय में डॉ. भीमराव अंबेडकर को नीचा दिखाने का आरोप लगाया.वेल में दिखे अनिल मसीहकांग्रेस–आप के पार्षद नॉमिनेटेड पार्षद अनिल मसीह को वोट चोर कह रहे थे. मामला गर्माता गया और फिर हा. थापाई तक हुई. इसी दौरान अनिल मसीह ने वेल में आकर कहा कि राहुल गांधी भी जमानत पर हैं. इस दौरान मसीह काफी गुस्से में दिखेबता दें कि इसी साल जनवरी में चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी मनोज सोनकर ने जीत दर्ज की थी. इस दौरान पीठासीन अधिकारी रहे अनिल मसीह विपक्ष के निशाने पर आ गए, उनके ऊपर आरोप लगा कि उन्होंने 8 मतपत्रों से छेड़छाड़ की और वोटों को अवैध घोषित कर दिया.इसके खिलाफ कांग्रेस और आप ने हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अनिल मसीह को फटकार लगाई और आम आदमी पार्टी के (।।च) कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया.5 फरवरी को कोर्ट ने मतगणना का वीडियो देखने के बाद निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह के आचरण पर कड़ी टिप्पणी की. कोर्ट ने कहा था कि मसीह मतपत्रों पर निशान लगाते दिख रहे हैं. यह पूरी तरह अवैध है.

# फॉर्मर रजिस्ट्री न कराने पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का नहीं मिलेगा लाभ


## जिले में 305766 किसान प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लाभार्थी



अलीगढ़ 24 दिसंबर 2024 (सू0वि0)रू प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त पाने के लिए जिले के किसानों को एक अनिवार्य प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सरकार ने घोषणा की है कि किसान निधि का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जिन्होंने अपनी फार्मर रजिस्ट्री समय पर पूरी कर ली है।मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थियों को सूचित किया है कि डिजिटल युग में पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाते हुए सरकार ने श्एग्री स्टैकश् के सहयोग से किसानों के डेटा को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संरक्षित करने का महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। इसका उद्देश्य न केवल किसानों को पारदर्शी रूप से सरकारी योजनाओं का लाभ देना है, बल्कि उनकी पहचान को सुरक्षित और आसान बनाना भी है। यह योजना किसानों की भलाई के साथ–साथ कृषि क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी।31 जनवरी 2025 की समय सीमा :सीडीओ ने स्पष्ट किया है कि 31 जनवरी 2025 तक फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को पीएम किसान योजना के तहत मिलने वाली आगामी किश्त की धनराशि से वंचित कर दिया जाएगा। इसके अलावा वह फसल बीमा, कृषि सब्सिडी और किसान क्रेडिट कार्ड जैसे लाभों से भी वंचित रह सकते हैं। सीडीओ ने बताया कि जिले में 305766 किसान प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लाभार्थी हैं जिसके सापेक्ष अब तक मात्र 4778 किसानों द्वारा ही फॉर्मर रजिस्ट्री कराई गई है। उन्होंने सभी किसान बन्धुओं से आग्रह किया है कि फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर लें, अन्यथा की स्थिति में जिले के बहुत से पात्र किसान शासकीय योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह जाएंगे।कैसे करें फार्मर रजिस्ट्री :सीडीओ ने बताया कि किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया बेहद सरल और सुलभ बनाई गई है। किसान ीजजचेरूध्ध्नचति.हतपे.जंबा.हवअ.पद पर जाकर स्वयं अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके साथ ही किसान "Farmer Registry UP" ऐप डाउनलोड कर अपने मोबाइल फोन से रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यदि ऑनलाइन प्रक्रिया में किसी को समस्या हो, तो वे नजदीकी जनसेवा केंद्र पर जाकर मदद ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के दौरान मोबाइल व्ज्च और फेस आईडी की सहायता से प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाया गया है।फार्मर रजिस्ट्री का उद्देश्य और व्यापक महत्व ःीडीओ ने बताया कि सरकार की मंशा है कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से न केवल किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिले, बल्कि जमीनों की धोखाधड़ी पर भी रोक लगाई जा सके। फार्मर रजिस्ट्री यह स्पष्ट हो सकेगा कि किस किसान के पास कितनी जमीन है और उसकी उपयोगिता क्या है। किसानों की जानकारी डिजिटल रूप में संरक्षित होने से योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचेगा। जमीन के लेन–देन में धोखाधड़ी की घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।फार्मर रजिस्ट्री के प्रमुख लाभ ःीडीओ श्री सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री के लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि पीएम किसान योजना के तहत आर्थिक सहायता उन्हीं किसानों को दी जाएगी जिन्होंने रजिस्ट्री पूरी कर ली है। रजिस्ट्री से किसानों को आपदा के समय राहत राशि पाने में आसानी होगी। बीज, खाद, और कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी का लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचेगा। किसान क्रेडिट कार्ड और बैंक लोन पर मिलने वाली छूट का सीधा लाभ मिलेगा। रजिस्ट्री के माध्यम से किसान की पहचान और उनकी जमीन का डिजिटल डेटा सुरक्षित रहेगा।फार्मर रजिस्ट्री न कराने से नुकसान :सीडीओ ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर किसानों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें पीएम किसान योजना की राशि नहीं मिलेगी। फसल बीमा और आपदा राहत का लाभ लेने में कठिनाई होगी। बीज, खाद और कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रह जाएंगे। कृषि ऋण और किसान क्रेडिट कार्ड से मिलने वाली छूट का लाभ नहीं मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया को अत्यंत सरल और उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया है। ऑनलाइन और ऑफलाइन विकल्प के साथ ही पोर्टल और मोबाइल ऐप एवं जनसेवा केंद्रों पर भी फार्मर रजिस्ट्री कराई जा सकती है। इस प्रक्रिया में किसानों की जानकारी को डिजिटल और सुरक्षित रखा गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी किसानों से अपील की है कि वे 31 जनवरी 2025 तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री पूरी करें ताकि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही किसान सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे।

## उप श्रम आयुक्त ने अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा–2025 के लिए उपलब्ध कराई जानकारी

अलीगढ़ 24 दिसंबर 2024 (सू0वि0)रू उप श्रम आयुक्त अलीगढ़ क्षेत्र सियाराम ने सूचित किया है कि अटल आवासीय विद्यालय टमकौली में अलीगढ़ मण्डल के जिले अलीगढ़, हाथरस, एटा एंव कासगंज के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड–19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों के शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिए कक्षा–06 में उपलब्ध 140 सीट (70 बालक एंव 70 बालिकायें) व कक्षा–09 में उपलब्ध 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकायें) पर प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। उन्होंने विद्यालय की विशेषताओं के बारे में बताया कि यह आधुनिक सुविधाओं युक्त सह शैक्षिक आवासीय विद्यालय हैं जिसमें बालक और बालिकाओं के लिये पृथक–पृथक छात्रावास हैं। विद्यालय में निःशुल्क गुणवत्तापरक शिक्षा, भोजन व छात्रावास की व्यवस्था है। बालक–बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिये खेल एवं अन्य गतिविधियों से प्रोत्साहन कराना है। विद्यालय में बालक–बालिकाओं के लिये सीट का अनुपात 50–50 प्रतिशत अर्थात बराबर रखा गया है।उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक 26 दिसंबर से सम्बन्धित जिले के श्रम विभाग कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय एवं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेखों एवं तीन अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 05 फरवरी 2025 की सांय 05 बजे तक सम्बन्धित जिले के श्रम विभाग कार्यालय में जमा कराये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा तिथि 02 मार्च 2025 रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक अलीगढ़ मण्डल के आवर्त जिले अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा का स्थान प्रवेश पत्र के माध्यम से अवगत कराया जायेगा। प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व श्रम विभाग के जनपदीय कार्यालय या पंजीकृत डाक से अभ्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे।उप श्रम आयुक्त ने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिक जो 30 नवंबर 2024 को कम से कम तीन वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुका है के बच्चे प्रवेश के लिए पात्र हैं। कोविड–19 से अनाथ हुये बच्चे जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत पात्र बच्चे प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। कक्षा–06 के प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01 मई 2013 से पहले और 31 जुलाई 2015 के बाद की नहीं होनी चाहिये। इसी प्रकार कक्षा–09 के प्रवेश के लिए अभ्यार्थी की जन्म तिथि 01 मई 2010 से पहले और 31 जुलाई 2012 के बाद की नहीं होनी चाहिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि कक्षा–06 एवं कक्षा–09 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी क्रमशः कक्षा–05 एवं कक्षा–08 में अध्यनरत हो या उत्तीर्ण कर चुका हो। प्रति परिवार के अधिकतम 02 बच्चों को ही विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। सभी वर्गो के लिए आरक्षण नियमानुसार देय होगा। उन्होंने आवश्यक




अभिलेखों की जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण श्रमिक होने की दशा में अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिक कार्ड, अनाथ होने की दशा में माता व पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, अभ्यर्थी के जाति प्रमाण–पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति एवं तीन पासपोर्ट के साइज के फोटो की आवश्यक है। प्रधानाचार्य अटल आवसीय विद्यालय रोहित सारस्वत ने प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 06 के प्रश्नपत्र में 50 अंक के मानसिक क्षमता परीक्षण के 40 प्रश्न एवं अंक गणित परीक्षा व भाषा परीक्षण के 25–25 अंक 20–20 प्रश्न अर्थात 100 अंक के कुल 80 प्रश्न होंगे। इसी प्रकार कक्षा 09 की प्रवेश परीक्षा में 15–15 अंक के अंग्रेजी व हिंदी विषय एवं 35–35 अंक के गणित व विज्ञान विषय के प्रश्न होंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रवेश पूर्ण रूप से मेरिट के आधार पर किया जायेगा एवं किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी का निर्णय मान्य होगा। किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी के लिए प्रधानाचार्य अटल आवसीय विद्यालय रोहित सारस्वत के दूरभाष नंबर– 9414310252 के साथ ही अपने जिले के श्रम कार्यालय में जाकर सम्पर्क कर सकते हैं।

## विचाराधीन बन्दी अनिल कुमार सचदेवा की मृत्यु के प्रकरण में होगी मजिस्ट्रीयल जांच

अलीगढ़ विचाराधीन बन्दी अनिल कुमार सचदेवा पुत्र बिहारीलाल सचदेवा आयु लगभग 52 वर्ष निवासी मकान नम्बर 106 मौहल्ला खन्नु थाना किला जिला बरेली, की एसएन मेडिकल कालेज आगरा में 18 अक्टूबर 2024 को हुई मृत्यु की मजिस्ट्रीयल जाँच करने के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय) संजय मिश्रा को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय संजय मिश्रा ने बताया है कि मजिस्ट्रीयल जाँच के सम्बन्ध में 30 दिसंबर 2024 तक किसी भी कार्यदिवस व कार्यालय समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक उपस्थित होकर अपना बयान अथवा अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि के उपरान्त किसी को भी अपना कोई पक्ष रखने के लिए समय प्रदान नहीं किया जायेगा।

## दौरऊ मोड पिसावा मार्ग के किलोमीटर 9 व 10 में चंडौस . आबादी क्षेत्र में सीसी निर्माण का कार्य प्रगति पर

अलीगढ़ अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग योगेश कुमार ने बताया है कि दौरऊ मोड पिसावा मार्ग पर व्हाइट टापिंग (सीसी) द्वारा मरम्मत कार्य के चलते दौरऊ मोड पिसावा मार्ग के किलोमीटर 9 व 10 में चंडौस आबादी क्षेत्र में सीसी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित कराये जाने के लिए मार्ग पर भारी यातायात का संचालन 45 दिन के लिए बन्द करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक यातायात से अनुरोध किया है कि मार्ग पर भारी वाहनों का प्रचालन 45 दिन के लिये रोकने एवं इन वाहनों को अन्य वैकल्पिक मार्ग से गुजरने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।वैकल्पिक मार्ग के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया है कि जट्टारी एवं गौमत से एनएच–334 को जाने वाले भारी वाहन चण्डौस से ना जाकर सोमना–खैर–टैंटीगॉव मार्ग (एमडीआर) से एनएच–334 की ओर जाएंगे। इसी प्रकार से एनएच–34 की ओर से जट्टारी और गौमत की ओर जाने वाले वाहन चण्डौस से ना जाकर सोमना–खैर–टैंटीगॉव मार्ग (एमडीआर) से जाएंगें। उन्होंने बताया कि जट्टारी एवं गौमत से एनएच–334 को जाने वाले भारी वाहन, चण्डौस से ना जाकर सोमना खैर टैंटीगॉव मार्ग (एमडीआर) से एनएच–334 की ओर जायेंगे। एनएच–34 की ओर से जट्टारी और गौमत की ओर जाने वाले वाहन चंडौस से ना जाकर सोमना खैर–टैटीगॉव गार्ग (एमडीआर) से जाएंगे।

## शिल्पग्राम में देश–प्रदेश के खादी एवं हस्तकला के उत्पादों को खरीदने उमड़ी भीड़

अलीगढ़ उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 30 दिसंबर तक मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन नुमाइश मैदान स्थित शिल्पग्राम में किया जा रहा है। प्रदर्शनी में सम्पूर्ण भारत से ग्रामोद्योग इकाईयों द्वारा भाग लिया गया है। जिसमें कश्मीर के अनन्तनाग की शॉल, साडी, गरम सूट, राजस्थान के टोंक की जूती, बीकानेर की नमकीन, पश्चिम बंगाल के हुगली के सूट के अतिरिक्त सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के खादी संस्थाओं के गरम कपडों के साथ–साथ मथुरा की साडी, धूपबत्ती, अगरबत्ती एवं ठाकुर जी की पोशाक मुख्य आकर्षण का बिन्दु बन रही है। मेरठ की चटाई, सहारनपुर का फर्नीचर, बिजनौर का गुड, सिरका और देशी शक्कर हाथरस की मशहूर हींग की ब्रिकी जोरों से हो रही है शिल्पग्राम प्रदर्शनी में अमीना वेलफेयर सोसाइटी की ओर से बच्चों द्वारा मेंहदी और सिलाई प्रतियोगिता करायी गई। मेंहदी प्रतियोगिता की निर्णायक डा0 सिदरा अली द्वारा कु0 यासमीन को प्रथम, कु0 समरीन को द्वितीय एवं कु0 खुशी को तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया। इसी प्रकार सिलाई प्रतियोगिता की निर्णायक गार्गी उपाध्याय द्वारा कु0 फिजा को प्रथम, कु0 अलीशा को द्वितीय एवं कु0 राबिया को तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया। विजेता बच्चों को प्रदर्शनी अध्यक्ष एवं परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया प्रदर्शनी में अलीगढ़ की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मीनू राणा द्वारा भ्रमण कर निरीक्षण किया गया एवं उनके द्वारा खरीददारी भी की गयी। प्रदर्शनी में आये स्टॉल, दुकान स्वामियों का उत्साह देखने को मिला। देर शाम प्रदर्शनी में कवि सम्मेलन और मुशायरा हुआ। जिसमें जनता द्वारा भरपूर आनन्द उठाया गया। प्रदर्शनी अध्यक्ष श्रीमती संजीदा बेगम ने बताया कि मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी 30 दिसम्बर तक चलेगी। उन्होंने जनमानस से अनुरोध किया है कि प्रदर्शनी का भ्रमण कर दैनिक उपयोग की वस्तुओं को उचित दर पर क्रय कर लाभ उठायें।

## विकास खण्ड खैर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसंबर को

अलीगढ़ युवा कल्याण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के तहत विकास खण्ड खैर की खेलकूद प्रतियोगिता 2024–25 का आयोजन 26 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल गौमत के खेल मैदान पर किया जाएगा।खण्ड विकास अधिकारी खैर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स (दौड़ ऊंची कूद लंबी कूद), कबड्डी, वालीबाल, कुश्ती विधाओं का आयोजन किया जाएगा। सभी इच्छुक खिलाड़ी आधार कार्ड की छाया प्रति लेकर ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## अलहदादपुर स्टेडियम में ब्लॉक धनीपुर की ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

अलीगढ़ युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विकासखंड धनीपुर की खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मल्टीपरपज हॉल अलहदादपुर स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख धनीपुर श्रीमती पूजा दिवाकर एवं जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा अर्जुन सिंह भोलू द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका की सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, कबड्डी बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सब जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में ऋषभ, 800 मीटर में मनीष शर्मा, सब जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में अनम खान, 800 मीटर में अनम खान विजयी रहे। जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर में धीरज, 200 मीटर व 400 मीटर में प्रिंस चौधरी, 1500 मीटर में विशाल बघेल, ऊंची कूद में अश्वनी, जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर में साधना, 200 मीटर में दिव्यांशी चौधरी, 400 मीटर में गुंजन, 800 मीटर में संध्या, लंबी कूद में संगीता विजय रहे। सीनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में लोकेश कुमार, 200 मीटर में जीतू कुमार, 400 एवं 1500 मीटर में योगेश कुमार विजेता रहे। कबड्डी बालक वर्ग जूनियर एवं सीनियर वर्ग में कोछोंड़ विजेता एवं बोनेर की टीम उपविजेता रही। जूनियर बालिका वर्ग में सींहोर विजेता धनीपुर की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल सीनियर वर्ग में देवी नगला विजेता एवं सीहोर उपविजेता रहे।प्रतियोगिता के विजय खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# 25 दिसंबर को ही क्यों मनाया जाता है क्रिसमस डे? जानें कारण और इतिहास




हर साल 25 दिसंबर को पूरी दुनिया में क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है। क्रिसमस के पर्व पर प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन प्रेम व सद्भाव के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग केक काटकर क्रिसमस का आनंद उठाते हैं और एक दूसरे को उपहार भी देते हैं।आज 25 दिसंबर को पूरी दुनिया में क्रिसमस का पर्व मनाया जाएगा। क्रिसमस के पर्व पर प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन प्रेम व सद्भाव के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस ईसाई धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, लेकिन समय के साथ इसे हर धर्म और वर्ग के लोग धूमधाम से मनाने लगे हैं। इस दिन लोग केक काटकर क्रिसमस का आनंद उठाते हैं और एक दूसरे को उपहार भी देते हैं। इस पर्व में केक और गिफ्ट के अलावा एक और चीज का विशेष महत्व होता है, वह है क्रिसमस ट्री। क्रिसमस के पर्व पर लोग अपने घरों में क्रिसमस ट्री लगाते हैं। साथ ही इसे रंग–बिरंगी रोशनी और खिलौनों से सजाया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि क्रिसमस के पर्व पर क्रिसमस ट्री का इतना ज्यादा महत्व क्यों होता है? चलिए जानते हैं इसके बारे में रोचक कथा...क्रिसमस ट्री का इतिहास दरअसल क्रिसमस ट्री को लेकर कई तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार 16वीं सदी के ईसाई धर्म के सुधारक मार्टिन लूथर ने इसकी शुरुआत की थी। मार्टिन लूथर 24 दिसंबर की शाम को एक बर्फीले जंगल से जा रहे थे, जहां उन्होंने एक सदाबहार के पेड़ को देखा। पेड़ की डालियां चांद की रोशनी से चमक रही थीं। इसके बाद मार्टिन लूथर ने अपने घर पर भी सदाबहार का पेड़ लगाया और इसे छोटे– छोटे कैंडल से सजाया। इसके बाद बाद उन्होंने जीसस क्राइस्ट के जन्मदिन के सम्मान में भी इस सदाबहार के पेड़ को सजाया और इस पेड़ को कैंडल की रोशनी से प्रकाशित किया। मान्यता है कि तभी से क्रिसमस ट्री लगाने की परंपरा शुरू हुई। क्रिसमस ट्री से जुड़ी बच्चे की कुर्बानी की कहानीक्रिसमस ट्री से जुड़ी एक अन्य कहानी 722 ईसवी की है। कहा जाता है कि सबसे पहले क्रिसमस ट्री को सजाने की परंपरा जर्मनी में शुरू हुई। एक बार जर्मनी के सेंट बोनिफेस को पता चला कि कुछ लोग एक विशाल ओक ट्री के नीचे एक बच्चे की कुर्बानी देंगे। इस बात की जानकारी मिलते ही सेंट बोनिफेस ने बच्चे को बचाने के लिए ओक ट्री को काट दिया। इसके बाद उसी ओक ट्री की जड़ के पास से एक फर ट्री या सनोबर का पेड़ उग गया। लोग इस पेड़ को चमत्कारिक मानने लगे। सेंट बोनिफेस ने लोगों को बताया कि यह एक पवित्र दैवीय वृक्ष है और इसकी डालियां स्वर्ग की ओर संकेत करती हैं। मान्यता है कि तब से लोग हर साल प्रभु यीशु के जन्मदिन पर उस पवित्र वृक्ष को सजाने लगे। 300 शब्दों में क्रिसमस उत्सव पर निबंध क्रिसमस विश्व स्तर पर मनाया जाने वाला त्यौहार है। यह धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्सव का मिश्रण है। क्रिसमस मनाने के कारणों की बात करें तो ईसाइयों की मान्यताओं के अनुसार यह ईसाइयों के भगवान ईसा मसीह का जन्मदिन है। इस प्रकार इस दिन का गहरा धार्मिक महत्व भी है। बाइबिल में बताई गई जन्म कथा, बेथलहम में विनम्र जन्म के बारे में बताती है, जिसमें आशा, प्रेम और मोक्ष के विषयों पर जोर दिया गया है।अपनी धार्मिक जड़ों के अलावा यह त्यौहार सामाजिक आस्था और प्रेम के निर्माण में भी महत्व रखता है। प्रतिष्ठित क्रिसमस ट्री, अक्सर एक सदाबहार शंकुवृक्ष (बितपेजउं जतमम), छुट्टियों के मौसम के दौरान सजाया जाने वाला प्राथमिक पेड़ है। यह पेड़ सर्दियों के महीनों के दौरान जीवन और आशा का प्रतीक है। परिवार अपना स्वयं का क्रिसमस ट्री लाते हैं और अपने बच्चों के साथ इसे रोशनी, आभूषणों और टिनसेल से सजाते हैं। रिमझिम रोशनी पेड़ को रोशन करती है, और रंग–बिरंगे आभूषण उत्सव का माहौल जोड़ते हैं।क्रिसमस चिंतन और कृतज्ञता के अवसर के रूप में कार्य करता है। यह व्यक्तियों को अपने जीवन में आशीर्वाद की सराहना करने और कम भाग्यशाली लोगों पर दया करने के लिए प्रेरित करता है। कैरोल्स, उत्सव समारोहों और प्रेम की अभिव्यक्ति के माध्यम से खुशियाँ फैलाने की परंपरा इस विचार को पुष्ट करती है कि क्रिसमस गर्मजोशी और एकजुटता का मौसम है।हम इंसान त्योहारों को जश्न मनाने और ऐसे अवसरों पर रिश्तेदारों के साथ संवाद करने के एक कारण के रूप में देखते हैं। यह परिदृश्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि बांड बनाना एक विशेष प्रक्रिया है जिसे वर्ष के किसी भी समय किया जा सकता है। विश्वास, प्रेम और एकजुटता को समझना केवल उत्सव के अवसरों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि हमारी आदत होनी चाहिए। यह मानव वही है जो ईसा मसीह हमेशा चाहते थे कि हम बनें। अतरू इस क्रिसमस पर हमें एक ऐसे मानव समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए जहां प्रेम, सम्मान, ईमानदारी और विश्वास मूल आधार हों। जो छात्र अपने क्रिसमस निबंध में लिखने के लिए छोटी पंक्तियाँ खोज रहे हैं, वे नीचे दी गई सामग्री देख सकते हैं। यहां 10 पंक्तियों का उल्लेख किया गया है जिन्हें क्रिसमस पर निबंध में शामिल किया जा सकता है।क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म का जश्न मनाने का अवसर है, जिन्हें ईसाई ईश्वर का पुत्र और मानवता का उद्धारकर्ता मानते हैं। क्रिसमस, अन्य त्योहारों की तरह, प्यार, गर्मजोशी, हँसी और एकजुटता के क्षणों का जश्न मनाने का एक आनंदमय समय है।क्रिसमसको लोग अपने अनोखे अंदाज में मनाते हैं, लेकिन घरों और सड़कों को जगमगाती रोशनी से सजाना एक आम परंपरा है जिसे हर कोई निभाना पसंद करता है।उपहारों का आदान–प्रदान एक और परंपरा है जिसका पालन लोग क्रिसमस पर अपने प्यार और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए करते हैं।यह एक ऐसा अवसर है जो लोगों को एक साथ लाता है, समुदायों और संस्कृतियों के बीच एकता और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है।क्रिसमस स्वादिष्ट दावतों का पर्याय है, जिसमें रोस्ट टर्की, जिंजरब्रेड कुकीज और एग्नॉग जैसे उत्सव के व्यंजन शामिल हैं।परिवार जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हैं और भोजन से भरी मेज पर शानदार पल बिताते हैं जो यादें बनाने के लिए एक कैनवास के रूप में काम करते हैं।क्रिसमस लोगों को दयालुता, दान और स्वयंसेवा के कार्यों में शामिल होकर खुशी और सद्भावना फैलाने के लिए प्रोत्साहित करता है।शिक्षक, माता–पिता और बुजुर्ग छात्रों को इस अवसर के महत्व के बारे में बताते हैं और उन्हें कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।यह धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं से परे, दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक वैश्विक अवसर है।

## बिपाशा बसु का क्रिसमस सेलिबेशन, . पति करण संग दिए रोमांटिक पोज





बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड के पॉपुलर कपल हैं. दोनों पेरेंट्हुड एंजॉय कर रहे हैं. दोनों हर फे. स्टिवल साथ में मनाते हैं. हाल ही में दोनों ने क्रिसमस सेलिब्रेट किया. आइए नजर डालते हैं उनके क्रिसमस सेलि. ब्रेशन की इनसाइड पिक्स पर.फोटोज में बिपाशा बेटी देवी के साथ खेलती और पोज देती नजर आईं. बिपाशा ने रेड कलर का आउटफिट पहना हुआ था. बिपाशा की क्यूज बेटी देवी ने रेड कलर की ड्रेस पहनी थी और मैचिंग हेयरबेंड लगाया था. देवी ने पाउट बनाते हुए पोज भी दिया.बिपाशा की बेटी देवी ने अपने क्यूट अंदाज से पूरी लाइमलाइट लूट ली. उन्होंने कई कैंडिड पोज दिए और इस सेलिब्रेशन को खूब एंजॉय किया.बिपाशा ने क्रिसमस सेलि. ब्रेशन करीबी दोस्तों और फैमिली के साथ सेलिब्रेट किया. सभी साथ में काफी खुश नजर आए.फोटोज में बिपाशा और करण एक–दूजे में खोए नजर आए. उन्होंने किस करते हुए फोटोज भी क्लिक कराया. करण को व्हाइट कलर की टीशर्ट में देखा गया. बिपाशा बेटी देवी के साथ टाइम स्पेंड करती दिखीं. सोशल मीडिया पर बिपाशा के इस क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीरें वायरल हैं.

## अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने अपने उत्सव समारोह की एक झलक साझा की



मुंबई। अभिनेत्री कैटरीना कैफ हमेशा से क्रिसमस के प्रति अपने प्यार के बारे में मुखर रही हैं। ब्रिटिश मूल और भारतीय परवरिश के साथ, उनका क्रिसमस उत्सव दोनों संस्कृतियों का एक सुखद मिश्रण है। कैटरीना ने इंग्लैंड में अपने समय के दौरान अपने पसंदीदा क्रिसमस समारोहों को याद किया। अपेक्षाकृत कम समय के प्रवास के बावजूद, त्यौहार का मौसम उनके दिल में एक विशेष स्थान रखता है, जो पारिवारिक समारोहों की दिल को छू लेने वाली यादों से भरा हुआ है। कैटरीना कहती हैं, क्रिसमस हमेशा हम छह बहनों के बारे में था। यह साल का सबसे महत्वपूर्ण समय था क्योंकि यह हमें एक साथ लाता था, खासकर जब हम बड़े होने के दौरान अलग–अलग रहते थ. ।अभिनेत्री ने खुशी के माहौल और अपने भाई–बहनों के बीच साझा किए गए अनोखे बंधन को याद किया। उन्होंने कहा, यह त्योहार मेरे लिए कुछ सबसे गर्म और सबसे सुखद यादें वापस लाता है। कैटरीना आगे कहती हैं,क्रिसमस परिवार, प्यार और हँसी का समय होता है। मुझे अपने प्रियजनों के साथ समय बिताना और खू. बसूरत यादें बनाना पसंद है।उन्होंने अपनी माँ के धर्मार्थ कार्यों के लिए भी अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। मेरी माँ ने हमेशा मुझे समुदाय को वापस देने के महत्व के बारे में बताया है। वह वास्तव में एक प्रेरणा हैं, कैटरीना त्योहार के मौसम की भावना में उत. साहित हैं। कैटरीना ने भारत में साधारण क्रिसमस समारोहों की तुलना पश्चिम में विस्तृत समारोह से की। इससे एक घर बनाते हैं। आपको यह पता लगाना होता है कि कौन सा हिस्सा कहाँ फिट बैठता है। मेरे पास अक्सर बहुत सारी पहेलियाँ होती हैं। यह सब करना मजेदार था, ष्वह कहती हैं। आठ साल पहले उनकी माँ सुजैन ने क्रिसमस पर कैटरीना के लिए एक दुपट्टा बुना था और कैटरीना यह देखकर दंग रह गईं कि उनकी माँ सहित लोग अभी भी बुनाई में लगे हुए हैं।

## क्रिसमस केक को बनाएं खास, देखकर ही खाने का करेगा मन

25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार दुनियाभर में मनाया जाएगा। इसकी धूम आपको घरों से लेकर बाजारों तक में दिखाई दे रही होगी। क्रिसमस के लिए हर कोई काफी उत्साहित रहता है। इस त्योहार पर न सिर्फ तरह–तरह के तोहफे मिलते हैं, बल्कि घरों में तमाम तरह के पकवान मिलते हैं। क्रिसमस के दिन केक तो अवश्य ही बनाया जाता है।वैसे तो बाजार में हर कलर और डिजाइन के हिसाब से आपको केक मिल जाएंगे, लेकिन यदि आप घर पर केक बना रही हैं तो उसे भी खास तरह से सजाएं। बहुत सी महिलाओं को ये समझ नहीं आता कि वो क्रिसमस पर कैसा केक बनाएं। ऐसे में हम आपको क्रिसमस के लिए केक डेकोरेशन आइडिया देने जा रहे हैं, ताकि आप अपने हाथों से खास क्रिसमस केक तैयार कर सकें। यदि आप पारंपरिक गोल केक नहीं बनाना चाहते हैं तो ऐसा चौकोर केक बनाएं। चौकोर केक बनाने के बाद इसके चारों तरफ लाल और हरे रंग की क्रीम से आइसिंग करें। इसके ऊपर आप खाने वाली सिल्वर बॉल्स लगा सकते हैं। ऐसी सिल्वर बॉल्स काफी छोटी–छोटी होती हैं, जो आपके केक की रौनक को और बढ़ा देंगी।क्रिसमस के दिन तोहफों का काफी महत्व होता है। ऐसे में अपने केक पर पहले तो इस तरह से हरे रंग से आइसिंग करें, उसके बाद उसके एक साइड में लाल रंग का टेप चिपकाएं। ये टेप ऐसे चिपका होना चाहिए, जैसे कि इसे बांध रखा हो। इसमें खूबसूरत सी नॉट पहले ही बना लें। सर्दी के मौसम में ही क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है। ऐसे में अपने केक पर बर्फ और स्नो मैन की झलक दिखाएं। इस तरह का केक बनाने में कठिन जरूर पड़ेगा, लेकिन ये देखने में अच्छा रहेगा। जब स्नो मैन बना रहे हों तो उसपर लाल रंग की टोपी अवश्य लगाए, ताकि वो देखने में प्यारा लगे। क्रिसमस पर सांता क्लॉज का काफी महत्व होता है। ऐसे में अपने केक पर इसी तरह से सांता क्लॉज को खड़ा करें। उसके साथ एक बड़ा सा बैग अवश्य रखें, ताकि ये देखने में अच्छा लगे। इस बैग को तोहफे की तरह सजा सकते हैं। ये देखने में काफी क्यूट दिखेगा। अगर आपके पास केक सजाने के लिए ज्यादा समय नहीं है तो लाल रंग के पहले तो पूरे केक की आइसिंग करें। इसके नीचे हरे रंग से केक को सजाएं। आखिर में केक के ऊपर सिल्वर रंग की बॉल्स लगाएं। बाजार में इस तरह की बॉल्स कई तरह की मिल जाती हैं। आप अपनी पसंद के हिसाब से प्लास्टिक वाली बॉल्स से लेकर खाने वाली बॉल्स तक का इस्तेमाल कर सकते हैं।




आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिंन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा